भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग
ओल्ड मिंटो रोड, नई-दिल्ली– 110002

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI), क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल, 28 अगस्त 2020 को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर "आई.ओ.टी.(इन्टरनेट आफ थिंग्स) – प्रचलन, सुरक्षा चुनौती एवं समाधान" पर एक वेबिनार आयोजित कर रहा है। इस वेबिनार का उद्देश्य, इन्टरनेट आफ थिंग्स तकनीकी के गुण, आवश्यकता, आर्किटेक्चर, विभिन्न उपयोग क्षेत्र, पॉलिसी फ्रेमवर्क, सुरक्षा चुनौतियों एवं समाधान आदि के संबंध में भारत में इसके विकास एवं योगदान पर चर्चा करना है । इस वेबिनार में विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतियां और चर्चा की जाएगी । यह वेबिनार सीखने, बातचीत और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक अच्छा अवसर साबित होगा और प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक समृद्ध अनुभव भी होगा । इसमें टेलिकॉम सर्विस प्रोवाइडर, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर, विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधि, उपभोक्ता वकालत समूह, संकाय सदस्य, अनुसंधान विद्वान और विभिन्न इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थानों के प्राध्यापक, अनुसंधान प्रशिक्षु, छात्र, संघ और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण और उपभोक्ता शामिल होंगे । संपर्क व्यक्ति और टेलीफोन नंबर के साथ AIRMEET ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन लिंक का विवरण निम्नानुसार है : -

कार्यालय	दिनांक एवं समय	ऑन लाइन लिंक	संपर्क व्यक्ति,
क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल	**28.08.2020** सुबह **10:00** बजे से **02:00** बजे तक	**https://airmeet.com/e/e15b70e0-e2ac-11ea-8fad-b74bfc863204**	श्री आलोक श्रीवास्तव वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी टेलीफोन. (0755-2575503) ईमेल: sro2.bhopal@trai.gov.in